## कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, संचालन एवं प्रबंधन समिति जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

### –:: संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन ::–

क्र0/7994/अंग्रेजी मा./संविदा भर्ती/बैकलॉग/2022–23 जांजगीर दिनांक 29/12/2022

जिले में संचालित कुल 07 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में विभिन्न पदों पर कार्यरत संविदा कर्मचारियों द्वारा त्यागपत्र दिये जाने/कार्यभार ग्रहण नहीं किये जाने के फलस्वरूप रिक्त बैकलॉग (Backlog) संविदा पदों की पूर्ति किया जाना है, तदानुक्रम में निम्नलिखित अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के लिए विभिन्न संविदा पदों पर इच्छुक आवेदकों से विज्ञापन जारी दिनांक से दिनांक 13/01/2023 सायं 05:00 बजे तक ऑनलाईन आवेदन वेवसाईट **https://janjgir-champa.gov.in** पर आमंत्रित किये जाते हैं। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। एक से अधिक अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में आवेदन करने हेतु अभ्यर्थी को आवेदन करते समय विद्यालय चयन हेतु प्राथमिकता का क्रम अंकित किया जाना अनिवार्य होगा। आवेदन केवल ऑनलाईन स्वीकार किये जाएंगे अन्य किसी भी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

### –:: विद्यालयवार विज्ञापित बैकलॉग पदों का विवरण ::–

➢ स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय अकलतरा :–

| क्र. | पद का नाम | विषय | स्वीकृत पद का माध्यम | पदों की संख्या | | | | | एकमुश्त मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना. (मुक्त) | अ.पि.व. (मुक्त) | अ.जा. (मुक्त) | अ.ज.जा. (मुक्त) | योग | |
| 1 | शिक्षक | विज्ञान | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | 01 | 35400 |
| 2 | | गणित | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | 01 | |
| 3 | | सामा. विज्ञान | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | 01 | |
| 4 | सहायक शिक्षक | – | अंग्रेजी | – | – | 1 | 2 | 03 | 25300 |
| योग | | | | 03 | 0 | 01 | 02 | 06 | - |

➢ स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय बलौदा :–

| क्र. | पद का नाम | विषय | स्वीकृत पद का माध्यम | पदों की संख्या | | | | | एकमुश्त मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना. (मुक्त) | अ.पि.व. (मुक्त) | अ.जा. (मुक्त) | अ.ज.जा. (मुक्त) | योग | |
| 1 | व्याख्याता | हिन्दी | अंग्रेजी | – | – | – | 1 | 01 | 38100 |
| 2 | शिक्षक | गणित | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | 01 | 35400 |
| 3 | | सामा. विज्ञान | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | 01 | |
| 4 | सहायक शिक्षक | – | अंग्रेजी | 1 | – | 1 | 2 | 04 | 25300 |
| 5 | प्रयोगशाला सहायक | – | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | 01 | 25300 |
| योग | | | | 04 | 0 | 01 | 03 | 08 | - |

29/12/22

➢ स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय बम्हनीडीह :—

| क्र. | पद का नाम | विषय | स्वीकृत पद का माध्यम | पदों की संख्या | | | | | एकमुश्त मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना. (मुक्त) | अ.पि.व. (मुक्त) | अ.जा. (मुक्त) | अ.ज.जा. (मुक्त) | योग | |
| 1 | व्याख्याता | जीव विज्ञान | अंग्रेजी | 1 | — | — | — | 01 | 38100 |
| 2 | शिक्षक | अंग्रेजी | अंग्रेजी | 1 | — | — | — | 01 | 35400 |
| 3 | | सामा. विज्ञान | अंग्रेजी | 1 | — | — | — | 01 | |
| 4 | सहायक शिक्षक | — | अंग्रेजी | — | — | 1 | 2 | 03 | 25300 |
| 5 | प्रयोगशाला सहायक | — | अंग्रेजी | 1 | — | — | 1 | 02 | 25300 |
| 6 | सहायक ग्रेड—02 | — | अंग्रेजी | 1 | — | — | — | 01 | 25300 |
| योग | | | | 05 | 0 | 01 | 03 | 09 | - |

➢ स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय पामगढ़ :—

| क्र. | पद का नाम | विषय | स्वीकृत पद का माध्यम | पदों की संख्या | | | | | एकमुश्त मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना. (मुक्त) | अ.पि.व. (मुक्त) | अ.जा. (मुक्त) | अ.ज.जा. (मुक्त) | योग | |
| 1 | व्याख्याता | वाणिज्य | अंग्रेजी | — | — | — | 1 | 01 | 38100 |
| 2 | शिक्षक | अंग्रेजी | अंग्रेजी | 1 | — | — | — | 01 | 35400 |
| 3 | सहायक शिक्षक | — | अंग्रेजी | — | — | 1 | 2 | 03 | 25300 |
| योग | | | | 01 | 0 | 01 | 03 | 05 | - |

➢ स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय चाम्पा :—

| क्र. | पद का नाम | विषय | स्वीकृत पद का माध्यम | पदों की संख्या | | | | | एकमुश्त मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना. (मुक्त) | अ.पि.व. (मुक्त) | अ.जा. (मुक्त) | अ.ज.जा. (मुक्त) | योग | |
| 1 | सहायक शिक्षक | — | अंग्रेजी | 1 | — | — | 1 | 02 | 25300 |
| योग | | | | 01 | 0 | 0 | 01 | 02 | - |

➢ स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय सारागांव :—

| क्र. | पद का नाम | विषय | स्वीकृत पद का माध्यम | पदों की संख्या | | | | | एकमुश्त मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना. (मुक्त) | अ.पि.व. (मुक्त) | अ.जा. (मुक्त) | अ.ज.जा. (मुक्त) | योग | |
| 1 | शिक्षक | अंग्रेजी | अंग्रेजी | 1 | — | — | — | 01 | 35400 |
| 2 | सहायक शिक्षक | — | अंग्रेजी | 1 | 1 | 1 | — | 03 | 25300 |
| योग | | | | 02 | 01 | 01 | 0 | 04 | - |

➢ स्वागी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक–01 जांजगीर

| क्र. | पद का नाम | विषय | स्वीकृत पद का माध्यम | पदों की संख्या | | | | | एकमुश्त मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना. (मुक्त) | अ.पि.व. (मुक्त) | अ.जा. (मुक्त) | अ.ज. जा. (मुक्त) | योग | |
| 1 | प्रयोगशाला सहायक | – | अंग्रेजी | 1 | – | – | – | 01 | 25300 |
| **योग** | | | | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 | - |

## 1) न्यूनतम शैक्षणिक/व्यावसायिक/तकनीकी अर्हता :–

**i)** व्याख्याता :–

a) अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हेतु (व्याख्याता हिन्दी को छोड़कर) आवेदक को मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से **अंग्रेजी माध्यम** में हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं हिन्दी माध्यम के पदों हेतु हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी स्कूल परीक्षा के लिये माध्यम की कोई वाध्यता नहीं है।

b) **व्यवसायिक योग्यता** – बी.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है तथा,

c) **शैक्षणिक योग्यता** – किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से द्वितीय श्रेणी में आवेदित विषय में निम्नानुसार स्नातकोत्तर/समकक्ष –

| स.क्र. | विषय | विषय समूह |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1 | हिन्दी | हिन्दी |
| 2 | जीवविज्ञान | वनस्पति शास्त्र/प्राणी शास्त्र/लाइफ साइन्स/जैविकी/अनुवांशिकी (जेनेटिक्स)/सूक्ष्म जैविकी (माईक्रोबायोलॉजी)/जैव प्रौद्योगिकी (बायोटेक्नॉलाजी)/ आणविक जीव विज्ञान (मालिकुलर बायोलॉजी)/ पादप कार्यिकी (प्लान्ट फिजियोलॉजी) तथा स्नातक स्तर में प्राणीशास्त्र अथवा वनस्पति शास्त्र विषय रहा हो। |
| 3 | वाणिज्य | एकाउन्टेसी सहित वाणिज्य/कास्ट एकाउटिंग/फाइनेन्सियल एकाउन्टेंसी मुख्य विषय के रूप में रहा हो। |

**ii)** शिक्षकः–

a) अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हेतु आवेदक को मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से **अंग्रेजी माध्यम** में हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, तथा

b) राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा इस प्रायोजन के लिये जारी किये गये मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार समुचित सरकार द्वारा आयोजित अध्यापक पात्रता परीक्षा (टी.ई.टी.) में उत्तीर्ण। टी.ई.टी उत्तीर्ण अभ्यर्थी नहीं मिलने की स्थिति में ही शेष आवेदनों पर विचार किया जावेगा, तथा

c) **व्यवसायिक योग्यता** –बी.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, तथा

d) **शैक्षणिक योग्यता** –किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से निम्नानुसार आवेदित विषय में 50% अंकों के साथ स्नातक/समकक्ष–

| स.क्र. | विषय | विषय समूह |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1 | अंग्रेजी | अंग्रेजी साहित्य स्नातक स्तर पर एक विषय रहा हो। |
| 2 | सामा. विज्ञान | इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र अथवा राजनीति विज्ञान में से एक विषय अनिवार्य होगा। |
| 3 | विज्ञान | रसायन शास्त्र, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, सैन्य विज्ञान एवं भू–गर्भ विज्ञान में से कोई दो विषय स्नातक स्तर पर हो। |
| 4 | गणित | गणित के साथ निम्नलिखित में से काई दो विषय – भौतिक/रसायन/इलेक्ट्रॉनिक्स/कम्प्यूटर साईस/सांख्यिकी, सैन्य विज्ञान/भू–गर्भ विज्ञान। |

29/12/22

**iii) सहायक शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) :–**

a) **शैक्षणिक योग्यता** – आवेदक को मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से **अंग्रेजी माध्यम विद्यालय** से हाई स्कूल तथा न्यूनतम 50% अंकों के साथ हायर सेकण्डरी (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, तथा

b) **व्यवसायिक योग्यता** – बी.एड./डी.एड./डी.एल.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, तथा

c) राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा इस प्रायोजन के लिये जारी किये गये मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार समुचित सरकार द्वारा आयोजित अध्यापक पात्रता परीक्षा (टी.ई.टी.) में उत्तीर्ण, तथा

**iv) प्रयोगशाला सहायक :–**

a) मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से **अंग्रेजी माध्यम** में जीव विज्ञान/गणित विषय समूह के साथ उच्चतर माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण तथा,

b) आवेदक को मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से **अंग्रेजी माध्यम** से हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

**v) सहायक ग्रेड–02**

a) **शैक्षणिक योग्यता** – मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण, तथा

b) **व्यवसायिक योग्यता** – किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा प्रमाण पत्र तथा,

## 2) संविदा भर्ती हेतु महत्वपूर्ण निर्देश :–

i. पदों की संख्या परिवर्तनीय है।

ii. अभ्यर्थी को छ.ग. का मूल निवासी होना आवश्यक है।

iii. संविदा भर्ती हेतु चयन समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया ही मान्य की जावेगी। नियुक्त अभ्यर्थी पर छ.ग. संविदा भर्ती नियम 2012 के अधीन समस्त नियम व शर्तें लागू होंगे।

iv. अभ्यर्थियों को एक से अधिक पद के लिये पृथक–पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

v. उक्त पद पूर्णतः अस्थाई है। संविदा नियुक्ति की अवधि में नियोक्ता या नियुक्त अभ्यर्थी में से किसी भी पक्ष द्वारा 03 माह का वेतन या सेवा समाप्ति की पूर्व सूचना देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।

vi. नियोक्ता समिति द्वारा संविदा पद पर नियुक्त समस्त अभ्यर्थियों के कार्य, व्यवहार, आचरण एवं कार्य प्रदर्शन का प्रत्येक वर्ष 31 मार्च की स्थिति में मूल्यांकन किया जावेगा एवं उपयुक्तता के आधार पर संविदा अवधि में आवश्यकतानुसार वृद्धि की जा सकेगी।

vii. अभ्यर्थी, किसी भी पद पर आवेदन के पूर्व अपनी पात्रता एवं आवेदित पद हेतु वांछित न्यूनतम अर्हता का परीक्षण स्वयं कर लेवें त्रुटिपूर्ण आवेदन, भ्रामक या गलत जानकारी के आधार पर अभ्यर्थी को भर्ती के किसी भी चरण में अपात्र घोषित किया जा सकता है। केवल आवेदन कर देने मात्र से ही अभ्यर्थी का आवेदित पद पर चयन का अधिकार नहीं होगा।

viii. अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जायेंगे अमान्य आवेदनों के संबंध में पृथक से सूचना नहीं दी जावेगी।

ix. संविदा नियुक्ति हेतु चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई प्रकृति की होगी एवं नियुक्त अभ्यर्थी विज्ञापन में उल्लेखित एकमुश्त वेतन के अतिरिक्त स्थाईकरण, नियमितिकरण, संविलियन, पेंशन या अन्य कोई सेवालाभ प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा, न ही इस संबंध में कोई दावा विचारनीय होगा।

x. अभ्यर्थियों को समस्त शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेजों की मूल प्रति सत्यापन के समय प्रस्तुत करना होगा। दस्तावेज सत्यापन के समय मूल दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में किसी भी प्रकार का अतिरिक्त समय प्रदान नहीं किया जावेगा तथा संबंधित अभ्यर्थी को साक्षात्कार/चयन हेतु अपात्र किया जा सकेगा।

xi. संविदा नियुक्ति हेतु अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01 जनवरी 2023 को 21 वर्ष से कम एवं 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रिमीलेयर को छोड़कर) महिलाओं, निःशक्तजन, शासकीय कर्मचारियों, संविदा कर्मचारियों एवं भूतपूर्व सैनिकों को छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के प्रचलित निर्देशों के अनुसार आयु सीमा में छूट का लाभ प्राप्त होगा किन्तु सभी देय छूटों को मिलाकर उनकी अधिकतम आयु–सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहीए।

xii. **व्याख्याता हिन्दी एवं सहायक ग्रेड–02** पद को छोड़कर शेष अंग्रेजी माध्यम के सम्पूर्ण पदों हेतु आवेदक का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/मण्डल के **अंग्रेजी माध्यम विद्यालय** से न्यूनतम हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

xiii. इस विज्ञापन के माध्यम से चयन हेतु जारी अंतिम वरियता सूची से ही, वर्तमान में जिले में संचालित तथा भविष्य में प्रारंभ किये जाने वाले स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में स्वीकृत पद/होने वाली रिक्तियों के लिये भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। अंतिम वरियता सूची की वैधता जारी दिनांक से 01 वर्ष तक के लिये होगी।

## 3) चयन प्रक्रिया :–

i. आवेदन एवं चयन प्रक्रिया तथा रिक्त पदों के आरक्षण के संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि जिला जांजगीर–चाम्पा हेतु कुल 07 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालित है, जिनके लिये पृथक–पृथक मानव संसाधन (शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक) सेट–अप प्रत्येक विद्यालय को पृथक–पृथक ईकाई मानकर स्वीकृत किया गया है, जिसपर नियुक्ति का अधिकार संबंधित विद्यालय की प्रबंधन एवं संचालन समिति को दिया गया है। चयन प्रक्रिया के सरलीकरण, श्रम एवं संसाधन की बचत, अभ्यर्थियों की सुविधा तथा पात्र एवं उत्कृष्ट अभ्यर्थियों को अधिकाधिक अवसर प्रदान करने की दृष्टि से एकीकृत ऑनलाईन आवेदन लिये जा रहे हैं। अतः जिले के समस्त विद्यालयों हेतु प्रवर्गवार एवं विषयवार एकीकृत मेरिट सूची तैयार कर स्वीकृत कुल पदों का योग करते हुये अधिकतम **15 गुना** तक, अभ्यर्थियों को मूल प्रमाणपत्रों की जाँच/सत्यापन तथा साक्षात्कार एवं कौशल परीक्षा हेतु आहूत किया जावेगा। न्यूनतम आवश्यक शैक्षणिक योग्यता के भारांश एवं साक्षात्कार तथा कौशल परीक्षा में प्राप्त अंको का योग कर अंतिम एकीकृत मेरिट सूची तैयार की जावेगी तथा अंतिम मेरिट सूची के आधार पर अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन में दर्शित प्राथमिकता क्रमानुसार विद्यालयों में पदस्थ किया जावेगा।

ii. प्रतिक्षा सूची से अभ्यर्थियों के चयन एवं नियुक्ति की स्थिति में अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन में पदस्थापना हेतु दिए गये प्राथमिकता क्रम को विचार में नहीं लिया जावेगा। प्रतिक्षा सूची से नियुक्ति, पूर्णतः पदों की रिक्तता के आधार पर होगी।

iii. आवेदित पद हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जावेगी। यदि अभ्यर्थी के प्राप्तांक समान हों तो समान अंक वाले सभी अभ्यर्थीयों को साक्षात्कार/कौशल परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया जावेगा।

iv. उक्त विज्ञापित पदों के संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि अभ्यर्थियों को साक्षात्कार/कौशल परीक्षा में आमंत्रित करने हेतु व्यवसायिक योग्यता के प्राप्तांक को भारांश में शामिल नहीं किया जावेगा।

v. अंतिम चयन सूची हेतु निम्नांकित तालिका अनुसार गणना की जायेगी :–

| क्र | पदनाम | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता का अंक भार | साक्षात्कार/प्रायोगिक/ कौशल परीक्षा का अंक भार | कुल अंक भार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | समस्त विज्ञापित पदों हेतु | **80%** | **20%** (शैक्षणिक कौशल, विषय ज्ञान, अंग्रेजी सम्प्रेषण व साक्षात्कार/व्यक्तित्व परीक्षा हेतु) | **100%** |

4) **ऑनलाईन आवेदन करने के संबंध में आवश्यक निर्देश :—**

i. ऑनलाईन आवेदन करने हेतु अभ्यर्थी का **Gmail** आई.डी. (जैसै–xyz@gmail.com) होना अनिवार्य है। **Gmail** आई.डी. नहीं होने की स्थिति में अभ्यर्थी **google** में जाकर **Gmail** आई.डी. बना लेवें।

ii. अभ्यर्थी बेहतर सुविधा के साथ ऑनलाईन फॉर्म भरने के लिये लैपटॉप/डेस्कटॉप में **google chrome** का उपयोग करें।

iii. ऑनलाईन आवेदन करते समय अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेज अपने साथ रखें।

iv. ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु अभ्यर्थी सर्वप्रथम जिले के वेबसाईट **https://janjgir-champa.gov.in** पर जावें।

v. जिले के वेबसाईट में आवेदन फॉर्म भरने के लिये निम्नानुसार 03 लिंक उपलब्ध हैं–

a) व्याख्याता पद पर आवेदन हेतु लिंक

b) शिक्षक पद पर आवेदन हेतु लिंक

c) सहायक शिक्षक पद पर आवेदन हेतु लिंक

vi. अभ्यर्थी वेवसाईट में दिये गये लिंक पर क्लिक कर अपना आवेदन फॉर्म ऑनलाईन भर सकते हैं।

vii. अंतिम तिथि तक प्राप्त समस्त आवेदनों का प्रकाशन कर दावा आपत्तियाँ आमंत्रित की जाएगी, जिसमें त्रुटियाँ यदि काई हो का संशोधन किया जा सकेगा।

viii. चयन प्रक्रिया संवंधित समस्त निर्देश एवं कार्यवाहियों की सूचना जिला जांजगीर–चांपा के वेबसाईट **https://janjgir-champa.gov.in** पर अद्यतन की जावेगी अतः अभ्यथियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन पश्चात् नियमित रूप से वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

**"कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित।"**

जिला शिक्षा अधिकारी एवं सचिव
स्वामी आत्मानंद विद्यालय
संचालन एवं प्रबंधन समिति
जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

पृ0क्र0/7995/अंग्रेजी मा./संविदा भर्ती/2022–23 जांजगीर दिनांक 29/12/2022

प्रतिलिपि :–

1. सचिव छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग महानदी भवन नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. संचालक लोक शिक्षण संचालनालय इन्द्रावती भवन नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जांजगीर–चॉपा (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ।
5. जन संपर्क अधिकारी,जांजगीर–चांपा (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
6. जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर, जिला जांजगीर–चांपा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. डी.आई.ओ. एन.आई.सी. जांजगीर को सूचनार्थ एवं जिले के पोर्टल https://janjgir-champa.gov.in पर अपलोड किये जाने हेतु।

जिला शिक्षा अधिकारी एवं सचिव
स्वामी आत्मानंद विद्यालय
संचालन एवं प्रबंधन समिति
जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.)